# अखिल भारतीय महाकवि भवभूति समारोह
# जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक : 145 दिनांक : 3/2/16

प्रति,

कुलसचिव / अधिष्ठाता, छात्र कल्याण / प्राचार्य

-----------------------------------

-----------------------------------

**विषय : अखिल भारतीय महाकवि भवभूति समारोह, ग्वालियर में आयोजित की जा रही अखिल भारतीय विविध प्रतियोगिताओं में विश्वविद्यालय / महाविद्यालय / संस्था दल भेजने विषयक।**

महोदय / महोदया,

यह जानकर आपको प्रसन्नता होगी कि जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी दिनांक 28, 29 फरवरी एवं 01 मार्च को मानाये जाने वाले महाकवि भवभूति समारोह के उपलक्ष्य में अखिल भारतीय स्तर पर भवभूति साहित्य पर केन्द्रित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन दिनांक 26 एवं 27 फरवरी 2016 को किया जा रहा है। इस आयोजन में निम्नलिखित पॉच प्रतियोगिताऍ होंगी। जिनके विषय, समय तथा पुरस्कारों का विवरण अधोलिखित है –

| **प्रतियोगिताऍ** | **दी जाने वाली चल वैजयन्ती** |
|---|---|
| 1. **हिन्दी / संस्कृत निबन्ध लेखन प्रतियोगिता**<br>विषय : "भवभूतेः स्त्रीपात्राणि / भवभूति के स्त्री पात्र" | **स्व0 श्री राजाराम शर्मा स्मृति चल वैजयन्ती** |
| 2. **सस्वर श्लोक पाठ प्रतियोगिता**<br>विषय : "महाकवि भवभूति के उत्तररामचरितम् से" | **पं0 हरिकृष्ण द्विवेदी स्मृति चल वैजयन्ती** |
| 3. **संस्कृत भाषण प्रतियोगिता**<br>विषय : "कारूण्यं भवभूतिरेव तनुते" | **आचार्य सुखदेवविद्यावाचस्पति स्मृति चल वैजयन्ती** |
| 4. **हिन्दी वाद–विवाद प्रतियोगिता**<br>विषय : "भवभूति की नाट्यकला कालिदास की नाट्यकला से अधिक सुन्दर है।" | **श्री अनील शुक्ल स्मृति चल वैजयन्ती** |
| 5. **हिन्दी भाषण प्रतियोगिता**<br>विषय : "भवभूति के रूपकों में करूण रस परिपाक " | **श्री राजा अरवेन्द्र सिंह स्मृति चल वैजयन्ती** |

**विशेष :** सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय दल को श्रीमती रामप्यारीदेवी स्मृति चल वैजयन्ती ( द्वारा आचार्य राधारमण दास, पूर्व कुलपति, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर ) प्रदान की जायेगी।

| **प्रतियोगिता स्तर** | **दिनांक** | **समय** |
|---|---|---|
| 1. विद्यालयीन प्रतियोगिताऍ | 26.02.2016 | प्रातः 10:00 बजे से 01:00 बजे तक |
| 2. महाविद्यालयीन प्रतियोगिताऍ | 26.02.2016 | अपरान्हः 01:00 बजे से सांय 05:00 बजे तक |
| 3. विश्वविद्यालयीन प्रतियोगिताऍ | 27.02.2016 | अपरान्हः 01:00 बजे से |

**प्रत्येक प्रतियोगिता में दी जाने वाली पुरस्कार राशि**

| स्तरानुसार | प्रथम | द्वितीय | तृतीय |
|---|---|---|---|
| 1. विश्वविद्यालय स्तर पर | 1000 / – | 700 / – | 500 / – |
| 2. महाविद्यालय स्तर पर | 500 / – | 300 / – | 200 / – |
| 3. विद्यालय स्तर पर | 500 / – | 300 / – | 200 / – |

अतः आपसे अनुरोध है कि आप उक्त प्रत्येक प्रतियोगिता में अपनी संस्था से दो–दो छात्र / छात्राओं का दल भेजने की व्यवस्था करें। एक छात्र एक से अधिक प्रतियोगिताओं में भाग ले सकेगा। प्रत्येक प्रतियोगिता की चल वैजयन्ती तथा सर्वश्रेष्ठ दल की संस्था को प्रदत्त चल वैजयन्ती लौटाना उस संस्था का उत्तरदायित्व होगा। सभी प्रतिभागी छात्र / छात्राओं की सूचना दिनांक 24 फरवरी 2016 तक करना अनिवार्य है। ***बाहर से आने वाले छात्र / छात्राओं के आवास एवं भोजन की व्यवस्था विश्वविद्यालय द्वारा की जावेगी।*** ग्वालियर के अतिरिक्त अन्य स्थान से प्रतियोगिता में सम्मिलित होने वाले दल की सदस्य संख्या ( पुरूष / स्त्री ) ( पुरूष / स्त्री ) तथा आने – जाने के ट्रेन अथवा बस के नाम व समय की सूचना पत्र में आवश्यक रूप से अंकित करें। मार्ग व्यय की व्यवस्था सम्बद्ध विश्वविद्यालय / महाविद्यालय / संस्था द्वारा की जावेगी।

धन्यवाद

भवदीय

KS

( डॉ0 केशव सिंह गुर्जर )
अधिष्ठाता, छात्र कल्याण

स्थान : गालव सभागार, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

संलग्न : विधावार प्रतियोगिताओं के नियम

सम्पर्क सूत्रः
1. डॉ0 बालकृष्ण शर्मा, शास0 संस्कृत महाविद्यालय, 9329682142
2. डॉ0 मनीष खेमरिया, प्राध्यापक, म0ल0बा0 महाविद्यालय, 9575904654
3. डॉ0 विष्णु नारायण तिवारी, सचिव, 09329308753, 09452754257
4. डॉ0 विकास शुक्ल, माधव महाविद्यालय, 09425773153

# अखिल भारतीय महाकवि भवभूति समारोह
# जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

छाया चित्र

संस्था प्रमुख द्वारा प्रमाणित

## परिचय प्रपत्र

1. प्रतिभागी छात्र/छात्रा का नाम ------------------------------
2. पिता/पति का नाम ------------------------------
3. कक्षा ------------------------------
4. संस्था का नाम ------------------------------
5. संस्था का पता ------------------------------
6. संस्था का दूरभाष तथा ई–मेल ------------------------------
7. दल प्रभारी का नाम एवं मो० नं० ------------------------------
8. प्रतियोगिता का नाम ------------------------------
   ------------------------------
   ------------------------------
9. आगमन दिनांक व ट्रेन/बस का नाम व समय ------------------------------
10. प्रस्थान दिनांक व ट्रेन/बस का नाम व समय ------------------------------
11. प्रतिभागी के हस्ताक्षर ------------------------------

प्रमाणित किया जाता है कि छात्र/छात्रा ------------------------------ इस संस्था का नियमित विद्यार्थी/विद्यार्थिनी है।

दिनांक : ............................

प्रमाणीकर्ता अधिकारी के हस्ताक्षर
एवं पद मुद्रा

# प्रतियोगिताओं के नियम

## हिन्दी / संस्कृत निबन्ध लेखन प्रतियोगिता

1. प्रत्येक विश्वविद्यालय / महाविद्यालय / विद्यालय से दो प्रतियोगी भाग ले सकते हैं।
2. प्रतियोगी को निबन्ध लिखने के लिये अधिकतम एक घण्टे का समय दिया जायेगा।
3. निबन्ध लेखन में विषय वस्तु, अभिव्यक्ति की शैली, व्याकरण शुद्धता एवं समग्र प्रभाव देखा जायेगा।
4. निबन्ध हिन्दी अथवा संस्कृत में ही होना चाहिये।

## संस्कृत सस्वर श्लोक पाठ प्रतियोगिता

1. प्रत्येक विश्वविद्यालय / महाविद्यालय / विद्यालय से दो प्रतियोगी भाग ले सकेंगे।
2. श्लोक पाठ प्रतियोगिता के लिये अधिकतम 04 मिनिट का समय दिया जायेगा।
3. श्लोक पाठ कंठस्थ होने चाहिये एवं किसी भी रूप में श्लोक पाठ पढ़ा नहीं जाना चाहिये।
4. श्लोक पाठ में संगीत ज्ञान अनिवार्य नहीं है।

## संस्कृत भाषण प्रतियोगिता

1. प्रत्येक विश्वविद्यालय / महाविद्यालय / विद्यालय से दो प्रतियोगी भाग ले सकेंगे।
2. संस्कृत भाषण के लिये अधिकतम 05 मिनट का समय दिया जायेगा।
3. वक्ता के विचार संस्कृत भाषा में ही हों एवं किसी भी रूप में पठितांश वर्जित होगा।
4. वक्ता को किसी जाति, धर्म, भाषा, सम्प्रदाय एवं व्यक्ति विशेष पर आक्षेप करने का अधिकार नहीं होगा।

## हिन्दी वाद–विवाद प्रतियोगिता

1. प्रत्येक विश्वविद्यालय / महाविद्यालय / विद्यालय से दो प्रतियोगी भाग ले सकेंगे। एक प्रतिभागी पक्ष में व दूसरा विपक्ष में बोलेगा।
2. प्रत्येक वक्ता को बोलने के लिये अधिकतम 05 मिनट का समय दिया जायेगा।
3. वक्ता के विचार केवल हिन्दी भाषा में ही मान्य होंगे।
4. वक्ता को किसी जाति, धर्म, भाषा, सम्प्रदाय एवं व्यक्ति विशेष पर आक्षेप करने का अधिकार नहीं होगा।

## हिन्दी भाषण प्रतियोगिता

1. प्रत्येक विश्वविद्यालय / महाविद्यालय / विद्यालय से दो प्रतियोगी भाग ले सकेंगे।
2. वक्ता को बोलने के लिये अधिकतम 05 मिनट का समय दिया जायेगा।
3. वक्ता के विचार केवल हिन्दी भाषा में ही मान्य होंगे।
4. वक्ता को किसी जाति, धर्म, भाषा, सम्प्रदाय एवं व्यक्ति विशेष पर आक्षेप करने का अधिकार नहीं होगा।